फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.)मुकाम–सिरोही(राज.)

प्रार्थी

1. खुशबु पुत्री कुईयाराम पत्नि हिरा भाई जाति मेघवाल, निवासी चडुआल हाल नवारा, तहसील व जिला सिरोही

अप्रार्थी

1. सीता पत्नि कुईयाराम उम्र वयस्क
2. शिल्पा पुत्री कुईयाराम उम्र वयस्क
3. रितु पुत्री कुईयाराम उम्र वयस्क
4. प्रदीप कुमार पुत्र कुईयाराम उम्र वयस्क सर्वजातियान मेघवाल, सर्वनिवासीयान चडुआल तह. व जिला सिरोही
5. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार सिरोही

किस्म मुकदमा
राजस्व प्रा.पत्र अ.धारा 136 एल.आर एक्ट

रा.प्रा.पत्र सं. 22/2025

दिनांक	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
29.08.2025	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी की ओर वकील श्री राजेन्द्र सिंह सोलंकी व स्टेट की ओर से पेरोकार सरकार उपस्थित। अप्रार्थी स्टेट ने जरिये पत्रांक/कोर्ट/2025/389 दिनांक 22.05.2025 से प्रस्तुत जवाब को शामिल पत्रावली की गई, प्रति वकील प्रार्थी को उपलब्ध करवाई गई। तहसीलदार सिरोही से प्राप्त जवाब अनुसार ग्राम चडुआल पटवार मण्डल तंवरी तह. व जिला सिरोही के खाता संख्या नया 302 खसरा नम्बर 538 रकबा 0.4500 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 842/514 रकबा 0.3450 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 844/544 रकबा 0. 5250 हैक्टेयर कुल किता 3 कुल रकबा 1.3200 हैक्टेयर भूमि में प्रार्थी व अप्रार्थी की सयुक्त खातेदारी दर्ज है। प्रार्थी खुशबु पुत्री कुइया राम की जगह रिंकु पुत्री कुईया राम त्रुटिवंश लिखा गया है। आधार कार्ड, वोटर--कार्ड एवं 10 वी की मार्क शीट में प्रार्थी का नाम खुशबू पुत्री कुईया राम दर्ज है। अतः ग्राम चडुआल पटवार मण्डल तंवरी तह. व जिला सिरोही के खाता संख्या नया 302 में रिंकु पुत्री कुईया राम के स्थान पर खुशबु पुत्री कुइया राम दर्ज किया जाना उचित है। प्रकरण में वकील प्रार्थी व पेरोकार सरकार द्वारा अंतिम बहस हेतु निवेदन पर वकील प्रार्थी व पेरोकार सरकार की बहस सुनी गई। हमने वकील प्रार्थी व परोकार सरकार की अंतिम बहस का गंभीरता पूर्वक मनन किया, विचरण प्रकरण की सम्पूर्ण पत्रावली व दस्तावेजात व स्टेट द्वारा प्रस्तुत जवाब का भी गहनतापूर्वक अवलोकन कर उस पर मनन किया। सम्पूर्ण प्रकरण के विवेचन के उपरान्त प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र अधारा 136 एल.आर एक्ट का तहसीलदार से प्राप्त जवाब के आधार पर स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाकर तहसीलदार सिरोही को आदेश दिया जाता है कि ***ग्राम चडुआल पटवार मण्डल तंवरी तह. व जिला सिरोही के खाता संख्या नया 302 खसरा नम्बर 538 रकबा 0.4500 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 842/514 रकबा 0. 3450 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 844/544 रकबा 0.5250 हैक्टेयर कुल किता 3 कुल रकबा 1.3200 हैक्टेयर भूमि में रिंकु पुत्री कुईया राम के स्थान पर खुशबु पुत्री कुइया राम संशोधन कर*** उक्तानुसार राजस्व रेकर्ड जमाबंदी अपडेट कर पालना से इस न्यायालय को अवगत करावें। लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.) सिरोही	

लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर
(उपखण्ड अधिकारी)
सिरोही (राज॰)